मणिकर्णिका में कंगना रनौत ने इस्तेमाल किया 150 साल पुराने हथियार

बॉलिवुड की कॉन्ट्रोवर्सी क्वीन कंगना रनौत अपनी अगली फिल्म मणिकर्णिका की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। इस फिल्म में वह झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की भूमिका में दिखाई देंगी। इस पीरियड ड्रामा फिल्म के काफी हिस्से का डायरेक्शन भी कंगना रनौत ने किया है और इसमें वह ऐक्शन और स्टंट करती दिखाई देंगी। अब कंगना ने यह खुलासा किया है कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्होंने किस तरह असली पुराने हथियारों का इस्तेमाल किया है। कंगना ने बताया है कि इस फिल्म के ऐक्शन सीन्स में उन्होंने 150 साल पुराने हथियारों का इस्तेमाल किया है। इन हथियारों के साथ ही कंगना ने फिल्म में लगभग 5 किलोग्राम का असली कवच भी पहना है। कंगना ने फिल्म में वैसी ही तलवार और कैपलॉक पिस्टल का इस्तेमाल किया है जैसा वास्तव में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई करती थीं। कंगना ने इस बारे में पूरी जानकारी इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखी है। इस बीच बता दें कि कंगना इस समय अश्विनी अय्यर तिवारी की अगली फिल्म पंगा की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनके साथ जस्सी गिल और नीना गुप्ता दिखाई देंगे। कंगना ने पंगा में एक कबड्डी प्लेयर की भूमिका निभाई है।इस फिल्म के अलावा कंगना रनौत फिल्म मेंटल है क्या की भी शूटिंग कर रही हैं। फिल्म में उनके ऑपोजिट राजकुमार राव दिखाई देंगे। मणिकर्णिका में कंगना के साथ झलकारी बाई के रोल में अंकिता लोखंडे भी दिखाई देंगी। यह फिल्म 25 जनवरी 2019 को रिलीज होगी।



जल्द बॉलिवुड में डेब्यू करेंगे सनी देओल के छोटे बेटे राजवीर

लगभग 18 महीने पहले बॉलिवुड के दिग्गज ऐक्टर सनी देओल ने अपने बड़े बेटे करण देओल को बॉलिवुड में लॉन्च करने की घोषणा की थी। उनकी डेब्यू फिल्म का नाम पल पल दिल के पास होगा जिसकी अभी शूटिंग चल रही है। अब ऐसी खबर आ रही है कि जल्द ही उनके छोटे बेटे राजवीर देओल भी बॉलिवुड में डेब्यू कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, राजवीर सिंह बॉलिवुड में ऐक्टिंग में नहीं बल्कि डायरेक्शन के जरिए डेब्यू करने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि राजवीर, करण की डेब्यू मूवी में अपने पिता को असिस्ट करेंगे। इस बारे में बात करते हुए सनी ने कहा, मैं राजवीर की डेब्यू फिल्म का भी डायरेक्शन करूंगा। राजवीर की फिल्म के बारे में हम पल पल दिल के पास के बाद विचार करेंगे। अभी असिस्ट करने से राजवीर को यह पता चल जाएगा कि मेरे साथ एक ऐक्टर के तौर पर कैसे काम करना है। बता दें कि करण की फिल्म की घोषणा लगभग डेढ़ साल पहले हुई थी तो माना जा सकता है कि यह प्रोजेक्ट काफी लेट चल रहा है। सनी का कहना है कि उन्हें फिल्म के रिलीज होने की कोई जल्दी नहीं है। उन्होंने बताया कि जब धर्मेंद्र, बॉबी और वह तीनों फिल्म को देखकर उसे ओके बोलेंगे तभी वह रिलीज डेट तय करेंगे। अब देखना दिलचस्प होगा कि सनी के छोटे बेटे राजवीर का डेब्यू कब होता है।

अब जाह्नवी कपूर के साथ नजर आएंगे अंगद बेदी

फिल्म धड़क से बॉलिवुड में डेब्यू करने वाली जाह्नवी कपूर ने अब धर्मा प्रॉडक्शन के साथ अपनी तीसरी फिल्म साइन की है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म इंडियन एयरफोर्स की पायलट गुंजन सक्सेना की बायॉपिक होगी। करण जौहर को लगता है कि इस रोल को जाह्नवी कपूर बेहतरीन तरीके से निभा सकेंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म में पहले मलयालम ऐक्टर दुलकर सलमान को लिया जाना था लेकिन अब अंगद बेदी ने उन्हें रिप्लेस कर दिया है। बताया जा रहा है कि अंगद फिल्म में जाह्नवी के ऑपोजिट लीड रोल में होंगे। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि आखिर क्यों दुलकर की जगह पर अंगद बेदी को लिया गया है। बता दें कि इससे पहले अंगद बेदी ने सूरमा और टाइगर जिंदा है जैसी फिल्मों में काम किया है। खैर, फैन्स को तो इस जोड़ी को रुपहले पर्दे पर देखने का निश्चित तौर पर इंतजार होगा। गौरतलब है कि गुंजन सक्सेना भारतीय वायु सेना की उन चुनिंदा पायलट में से हैं जिन्होंने करगिल युद्ध में हिस्सा लिया था।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

लंबे करियर के लिए गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहती हूं

अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर का कहना है कि वह एक ऐसा करियर नहीं बनाना चाहतीं, जो छोटी अवधि के लिए हो। सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ 'फैन' और पंकज त्रिपाठी व अली फजल के साथ 'मिर्जापुर' में काम कर चुकीं अभिनेत्री ने कहा कि वह एक लंबे करियर के निर्माण के लिए गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हैं।

श्रिया ने बताया, ''मैं एक ऐसा करियर बनाने की जल्दी में कतई नहीं हूं, जो एक छोटी अवधि के लिए हो। मैं यहां रहना चाहती हूं, ताकि मैं बहाव के साथ आगे बढ़ सकूं और सामग्री पर ध्यान केंद्रित कर सकूं, जिसका मैं चुनाव कर रही हूं।''

उन्होंने कहा, ''पंकजजी को देखिए, वह एक ऐसे अभिनेता हैं, जो बहुत लंबे समय से काम कर रहे हैं और उन्होंने कई कठिनाइयों का सामना किया है। आखिरकार उन्हें वह स्वीकृति मिल रही है, जो आज उनके पास है...उन्होंने अपने शिल्प पर ध्यान लगाया और मुझे लगता है कि यह हमारे जैसे लोगों के लिए बहुत जरूरी है...पर्दे पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है।''

अभिनेता सचिन और सुप्रिया की बेटी बचपन से ही कला के प्रति रुचि रखती थीं। वह 'कॉमन पीपल' और 'बॉम्बे डाइंग' जैसे नाटकों का हिस्सा भी बन चुकी हैं।